संक्षिप्त

सांभर में संतों का मिलेगा सानिध्य

सांभरझील। सांभर में नवनिर्मित भव्य श्री श्याम बाबा के मंदिर के निर्माण के पश्चात मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियों की 12 नवंबर से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आगाज होगा। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन 16 नवंबर तक होगा। इस दौरान श्याम बाबा मंदिर में पधार रहे अनेक संतों का सानिध्य प्राप्त होने का सौभाग्य भी मिलेगा। धार्मिक समारोह में श्याम रंगीला परिवार के सदस्यों ने महामंडलेश्वर महंत श्री श्री 1008 नारायण दास महात्यागी जी महाराज, स्थान नागदा (मध्य प्रदेश) की चरण वंदना कर उन्हें आमंत्रित किया। बताया गया कि हाथोज धाम के पीठाधीश्वर श्री बालमुकुंद आचार्य की ओर से भी समारोह में उपस्थित होने के लिए सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मौके पर संत से आशीर्वाद प्राप्त करते श्याम रंगीला परिवार के सदस्य पंकज सिंघानिया नवनिर्मित श्याम मंदिर की विस्तृत जानकारी दी।

तृतीय करवा चौथ महोत्सव आज

मनोहरपुर । कस्बे के गांधी चौक स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल की ओर से गुरुवार 9 अक्टूबर को करवा चौथ की पूर्व संध्या पर तृतीय करवा चौथ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सुहागनों के पावन पर्व करवा चौथ को समर्पित विविध रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। मेहंदी प्रतियोगिता, नृत्य-गान, गेम्स सहित कई मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजन स्थल को विशेष रूप से सजाया जाएगा और सभी प्रतिभागियों के लिए नाश्ता व भोजन की व्यवस्था रहेगी। महोत्सव को लेकर अग्रवाल समाज की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। महिलाएं पिछले कई दिनों से कार्यक्रम की तैयारियों में जुटी हुई हैं। मंडल की पदाधिकारी महिलाओं ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज की एकता, संस्कृति और पारंपरिक पर्वों को सशक्त बनाना है।

3 दिवसीय वार्षिक उर्स आज से

मनोहरपुर। जयपुर के शास्त्री नगर पुलिस थाने के पास वाले मुस्लिम कब्रस्तान में स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत मद्रासी बाबा रहमतुल्ला अलेह का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 09 अक्टूबर 2025 गुरुवार से शुरु होगा जो कि 11 अक्टूबर 2025 शनिवार को कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न होगा! मुतवली व सज्जादा नशीन खलीफा मोहम्मद सलीम ने बताया कि 09 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 9 बजे कुरानख्वानी होगी रात्रि 9 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ की जाएगी जिसमें खुदा के हुकम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही जाएगी! ईसी प्रकार सोमवार 10 अक्टूबर शुक्रवार की शाम को चादर पेश की जाएगी रात्रि 9 बजे बाद में राजस्थानी प्रसिद्ध कव्वाल पार्टी द्वारा बाबा की मान मनुहार की जाएगी! शनिवार 11 अक्टूबर को सुबह 9 बजे रंग व कूल 10 बजे फातेहा, लंगर व दुआ होगी।

शिक्षक स्नेह मिलन समारोह आज

निवाई। बावड़ी वाले बालाजी के मंदिर में गुरुवार को द्वितीय शिक्षक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। शिक्षक नेता अजय चौधरी ने बताया कि द्वितीय शिक्षक स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी, डीईओ माध्यमिक टोंक राजेशकुमार शर्मा, डीईओ प्रारंभिक शिक्षा टोंक भंवरलाल कुम्हार व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

आरोपी गिरफ्तार

निवाई। निवाई सदर थाना पुलिस ने एमएमडीआर एक्ट में दर्ज प्रकरण में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन के मामले में फरार चल रहे एलपी डंपर के मलिक मोहनलाल पुत्र सोहनलाल निवासी पटेल नगर तुंगा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

बैठक संपन्न

निवाई। अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में आयोजित छठा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर कन्हैयालाल प्यावडी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल राहोली व जिला महामंत्री रामभज वर्मा बगड़ी ने बताया कि रैगर महासभा के तत्वावधान में 28 दिसम्बर को जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया जाएगा।

भारत को तीसरी आर्थिक ताकत बनाना पीएम मोदी का सपना है : डॉ. किरोड़ी लाल

दौसा। प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. करोड़ी लाल मीणा ने कहा कि भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने का प्रधानमंत्री मोदी का सपना है। अमेरिका जैसे देश ने 25 फ़ीसदी ट्रैरिफ को 50 प्रतिशत कर दिया। देश की आर्थिक स्थिति को डामाडोल करने की कोशिश की है। लेकिन भारत पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा।

कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा बुधवार को भाजपा कार्यालय में आत्म निर्भर भारत को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि जीएसटी के दो स्लैब एक पांच परसेंट का एक 18 परसेंट का, उपभोक्ता के काम आने वाली वस्तुओं पर जीएसटी घटाई है। हमारे विरोधी जीएसटी लगने से कमर टूटना बता रहे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहते थे लेकिन आज सभी टैक्स को एक जगह कर इंस्पेक्टर राज को खत्म कर दिया गया और समान रूप से जीएसटी में लाई गई। प्रधानमंत्री ने लोकल फोर वोकल का नारा देकर स्वदेशी को बढ़ावा दिया है। उन्होने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर होता जा रहा है। किसानों के उत्थान के लिए डीएपी का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्लांट बढ़ाए जा रहे हैं। राजस्थान में जिप्सम के बड़े भंडार है प्रधानमंत्री ने कृषि मंत्री से कहा है राजस्थान के भंडार को देखते हुए उत्तम क्वालिटी का फर्टिलाइजर कर सकते हैं। इससे आधा देश आत्मनिर्भर हो जाएगा। विकसित भारत का एकमात्र मार्ग अधिक से अधिक भारतीय उत्पादों का उपयोग करें

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला।

■ आत्म निर्भर भारत को लेकर प्रेसवार्ता में बोले किरोडी

डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि विकसित भारत का एकमात्र मार्ग है आत्मनिर्भर भारत इसके लिए हम घर की रसोई से शुरूआत करेंगे। कपड़ों, बर्तनों, सजावट, त्योहारों, सबमें भारतीय उत्पादों का उपयोग करेंगे। यही सच्ची देशभक्ति है। उन्होने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समस्त विश्व ने भारत की आत्मनिर्भरता को महसूस किया है। पाकिस्तान ने हजारों ड्रोन दागे, लेकिन हमारे आकाश मिसाइल सिस्टम और आकाशतीर ने उन्हें हवा में ही खत्म कर दिया। अब हम खुद रक्षा उपकरण बनाकर निर्यात कर रहे हैं।

आज देश में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो पार्ट्स, सोलर पैनल, और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में विश्वस्तरीय उद्योग लग रहे हैं। इस से हमारे आयात घट रहे है व निर्यात में बढ़ावा देखने को मिल रहा है। स्वदेशी अपनाने से आत्मनिर्भर भारत बनेगा और उसी से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मैं प्रदेशवासियो विशेषकर दौसावासियों से आवहन करता हूं कि स्वदेशी अपनाएं और देश को सशक्त बनाएं। जब हम हमारे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान एक ऐसा अभियान है जो केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि भारत के नवजागरण का यज्ञ है।

बिल्डिंग की लेब में लगी आग

टोंक। मुख्यालय स्थित बस स्टेण्ड के पास एक बिल्डिग अचानक आग लगने से हडकम्प मच गया तथा कलर लैब में रखी हुई बैटरी में जोरदार विस्फोट के साथ आग की लपटे निकलने लग गई, जिससे लैब में रखे हुए सामान जलकर खाक हो गए। घटना में लैब संचालक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। बाद में सूचना पर पंहुची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को शहर के बस स्टैंड स्थित एक किराए के मकान में चल रही पूजा कलर लैब में अचानक बैटरी में अचानक ब्लास्ट के साथ आग की लपटे उठने लगी, आग की लपटों ने कलर लैब की मशीनों को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में मशीन जलकर राख हो गई। जिससे लाखो रूपये के उपकरण जलकर राख हो गये। बताया गया है कि कलर लैब की दीवार के दूसरी तरफ एक कोचिंग सेंटर भी संचालित है, लेकिन समय रहते आग पर काबू पाने से बडा हादसा होने से टल गया।

प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह

अलवर । भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज बेराबास में 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स एवं 172वें नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण बैच के प्रशिक्षणार्थियों का दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें उप महानिरीक्षक के संजय कुमार कोठारी ने परेड का निरीक्षण कर प्रशिक्षण के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक के संजय कुमार कोठारी ने बताया कि 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स के 6 हिमवीर एवं 1 हिमवीरांगना तथा 172वें नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण बैच के 26 हिमवीर एवं 3 हिमवीरांगनाओं को आधार प्रशिक्षण पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी अपनी

■ प्रशिक्षण के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया

बेसिक ट्रेनिंग पूर्ण करने के उपरांत इस बल में एक प्रशिक्षित सदरू के रूप में शामिल हो गए हैं तथा जो प्रशिक्षण ग्रहण किया है वह देश की सेवा में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान 4 वीरांगना महिलाओं ने प्रशिक्षण किया है यह महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय ध्वज एवं बल ध्वज के समक्ष देशसेवा एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई।

उन्होंने बताया कि शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से इन हिमवीर एवं हिमवीरांगनाओं को 24 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण के दौरान इन्हें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रील, हथियार, सिखलाई, फायरिंग, जूडो कराटे, युद्ध कौशल, काउंटर इंसरजेंसी, आंतरिक सुरक्षा और आईटीबीपी बल नियम अधिनियम आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया जिससे प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी आने वाली चुनौतियों का सामना आसानी से कर सके और देश की सेवा के साथ-साथ अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी को भी निभा सके। इस दौरान 24वें एसओ कन्डेन्स कोर्स में ओवर ऑल बेस्ट प्रशिक्षणार्थी की ट्रॉफी सहायक उप निरीक्षक/स्टेनो विकास कुमार एवं 172 वे नॉन (जीडी) आधार प्रशिक्षण में कांस्टेबल (कोबलर) नंदन कुमार को प्रदान की गई।

विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

दौसा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पहल मेरा युवा भारत के तहत स्व. पंडित नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के आयोजन के लिए नोडल कॉलेज के रूप में चुना गया है। यह घोषणा जिले के युवाओं में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जागरूकता और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

जिला युवा अधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दौसा जिले के युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वह देश के विकास और राष्ट्र निर्माण में अपने विचारों का योगदान दे सकें और उन्हें विकसित भारत की संकल्पना से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में युवा आपातकाल के 50 वर्ष: भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त कर सकेंगे।

प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति की बैठक आयोजित

सांभरझील। भन्दे बालाजी परिसर स्थित श्री ब्रह्मा प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति की आवश्यक बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष हूक्माराम दम्बीवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। वहीं धर्मशाला भवन पर हो रहे हॉल के निर्माण कार्य

■ धर्मशाला भवन पर हो रहे हॉल के निर्माण कार्य को अन्तिम रूप दिया

को अन्तिम रूप दिया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के कोषाध्यक्ष बाबूलाल होदकास्या ने बताया कि समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले समाज के 11 वें विवाह सम्मेलन की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सम्मेलन में आगामी विवाह सम्मेलन में कुल 51 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया। इसके चलते समिति द्वारा अब तक 10 जोड़े का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। इसके साथ ही जोड़ों के ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन पर भी जोर दिया गया।

बैठक का आयोजन अध्यक्ष हूक्माराम की अध्यक्षता में किया।

साथ ही सम्मेलन के पूर्व धर्मशाला में रंग रोशन के लिए चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया साथ ही धर्मशाला में मरम्मत कार्य के लिए टेण्डर किया गया। इसके बाद कोषाध्यक्ष बाबूलाल प्रजापति ने समिति के द्वारा किये गये हॉल निर्माण के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वहीं रामस्वरूप प्रजापति बांसा ने समिति के द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना करते हुए अपने विचार रखे।

इसके साथ ही मूल चन्द खटोड़ ने सम्मेलन में वधू को दी जाने वाली ज्वैलरी को लेकर विचार रखे। बैठक के दौरान समाज के भामाशाहों ने आगामी सम्मेलन के लिए अपनी ओर से विभिन्न घोषणाएं की। इसके बाद बैठक के अन्तिम चरण में सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही 26 अक्टूबर को आगामी मिटिंग की घोषणा की गई।

इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल मारवाल, सूरजमल मारवाल, गोपाल लाल दम्बीवाल, माल चन्द कुकडवाल, राधेश्याम नागा, रामेश्वर लाल मारवाल, सुभाष चन्द बागरानिया, रामेश्वर प्रसाद गोयल, राजेन्द्र प्रजापति, गुल्लाराम, महेश कुमार, मोगाराम, पवन कुमार, शंकर लाल, जगदीश नारायण, रामनारायण, बंशी लाल, कैलाश चन्द सहित समाज के अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

उपभोक्ताओं के अधिकार, प्लास्टिक के दुष्परिणाम से बचाव पर जानकारी दी

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर जिला अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने श्रीराम पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल शाहपुरा में नालसा योजना 2015 के अंतर्गत उपभोक्ताओं के अधिकार, प्लास्टिक के दुष्परिणाम से बचाव, पर विद्यार्थियों का शिविर आयोजित किया।

इस शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हंसा जाट के द्धारा की गई। इस अवसर पर महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष हेमलता शर्मा उपस्थित रही। पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि आप किसी भी वस्तु की खरीदारी करते समय खरीदी गई वस्तुओं का बिल अवश्य लेवे, जिससे दुकानदारो द्वारा की चोरी रोकी जा सके। के द्वारा काटी गई रकम से राष्ट्र के विकास कोर्यो को बढ़ाया जा सके। अगर किसी भी मेडिकल स्टोर्स से खरीदी गई दवाई टेबलेट, इंजेक्शन का बिल आपने लिया है तो अगर उन दवाईयों के रिएक्शन होने पर आपको उसकी शिकायत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन नंबर 15100 नम्बरों पर सूचना देवे। अदालत के केस दर्ज कराने पर आपको उसके दुष्परिणाम पर क्षितपूर्ति राशि न्यायालय के आदेश पर मिल सकेगी। दवा निर्माण कर्ता पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। आजकल खांसी की दवा के इस्तेमाल से से कई लोगों की आकस्मिक मृत्यु के समाचार आ रहे है। चिकित्सा विभाग द्वारा उसकी जॉच की जा रही है।

उपभोक्ताओं द्वारा खरीदें गए आइटम का बिल लेना आवश्यक है। इसी क्रम में पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने प्लास्टिक के दुष्परिणाम के बारे मे बताया कि आजकल जैमेटो, डीमार्ट एमेजोन जैसी कम्पनियां आनलाइन मार्केटिंग के क्षैत्र में प्लास्टिक वेस्ट द्वारा उत्पादित काले पैकेजिंग के डिब्बों का प्रयोग कर रही है। टेलीविजन, कम्प्यूटर, कैमिकल्स के प्लास्टिक कार्टुन, प्लास्टिक की थैलियों के अवशेषों के संयुक्त रूप से इन्हें गलाया जाने के बाद मोल्डिंग मशीन द्वारा अलग-अलग आकार के पैकेजिंग के वारदानो का प्रयोग किया जाता है। इन्हीं वेस्ट प्लास्टिक के डिब्बों का प्रयोग आपके घरों में खाद्य सामग्री में भोजन के पैकेट के रूप में आने लगा है।

'सरकार की मंशा अनुरुप अधिकारी आमजन से जुड़े कामों को प्राथमिकता से करें'

टोंक। जिला कलेक्टर ने बुधवार को डीओआईटी के भारत निर्माण सेवा केन्द्र में वीसी के जरिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े कामों को लेकर उच्च स्तर पर निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है, इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों पर

■ फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरुप अधिकारी आमजन से जुड़े कामों को प्राथमिकता से कर उन्हें राहत पहुंचाए। जिला कलेक्टर ने पीएम एवं सीएम स्वनिधि योजना, ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर, सीएम जन सुनवाई के लम्बित प्रकरण, बाढ़ राहत कार्य, सम्पर्क पेंडेंसी, फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने वीसी के जरिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का बैठक ली।

उन्होंने पीएम स्वनिधि में आए आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता से करने पर जोर दिया। इसके लिए बैंकों से समन्वय स्थापित कर लाभार्थी को योजना का लाभ दिलाया जाए। जिला कलेक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों की समीक्षा कर सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी के प्रकरणों को निस्तारण शीघ्र करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री में जिले की प्रगति कम रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे आगामी 7 दिन में बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास अधिकारियों को पेंशन सत्यापन के पेडिंग प्रकरणों को शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने मानसून के दौरान हुई अतिवृष्टि के कारण जन एवं पशु हानि, क्षतिग्रस्त कच्चे व पक्के मकानों से संबंधित सहायता प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, एडीएम रामरतन सोंकरिया, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीना, जिले के सभी एसडीओ, बीडीओ, तहसीलदार एवं अधिशाषी अधिकारी मौजूद रहें।

राशन की दुकान से 90 गेहूं के बैगों की चोरी

पावटा। प्रागपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भांकरी में राशन की दुकान मे चोरों के द्वारा लगभग 44- 45 क्विंटल गेहूं चोरी कर लिया गया है। प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाते हुए उचित मूल्य दुकान डीलर धोलाराम पुत्र साधुराम निवासी दादाकाबास तन भांकरी ने बताया है कि ग्राम भांकरी श्याम मंदिर के पास उचित मूल्य दुकान है।

30 सितंबर मंगलवार को सितंबर माह के खाली बारदाने का बेचान कर दुकान बंद कर गया था। मेरी दुकान में अक्टूबर माह का राशन गेहूं करीब 131.85 क्विटंल माल भरा हुआ था। रविवार 5 अक्टूबर शाम 5 बजे के करीब पड़ोसी दुकानदार ने दुकान का ताला टूटा होने की जानकारी दी। जिस पर में दुकान पर पहुंचा व दुकान के अंदर का माल संभाला तो उसमें से 90 गेहूं के बैग गायब मिले।

जिसकी सूचना प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई। प्रागपुरा थाना पुलिस ने मौके पर आकर मौका मुवायना किया व आस पास लोगों से पूछताछ व जांच पड़ताल में जुट गई है।

सार-समाचार

गुमशुदा व चोरी हुये मोबाईल फोन बरामद कर पीड़ितों को किये सुपुर्द

सांभरझील। सांभर थाना पुलिस ने गुम व चोरी हुए मोबाइलों को उनके वास्तविक हकदारों को लौटाया तो सभी के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई।राशि डोगरा डूडी पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि है कि गुमशुदा व चोरी हुये मोबाईल फोनों की बरामदगी कर परिवादियों को लौटाने के संबंध में जिले के समस्त अधिकारियों को अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी सांभरलेक राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक द्वारा 5 गुमशुदा/चोरी हुये मोबाईलो के संबंध मे सीईआईआर पोर्टल से जानकारी जुटा कर जयपुर, उदयपुर, हनुमानगढ व कस्बा सांभरलेक से 5 मोबाइल फोन को बरामद किया जाकर मोबाइल मालिकों को सुपुर्द किये गये हैं। मोबाइल प्राप्त कर सभी पीड़ितों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। पुलिस विभाग द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस आउट कर बरामद करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आमजन से जयपुर ग्रामीण पुलिस की अपील है कि मोबाइल फोन को ट्रेस आउट करने के लिए सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं तथा जब भी नया या पुराना मोबाइल फोन खरीदें, तो उसकी पूरी जानकारी लें।

एक दिवसीय शिविर आयोजित

बौंली- बामनवास। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बुधवार को सौगानी महाविद्यालय निवाई रोड रवासा, बौंली के प्रांगण में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया।शिविर का शुभारंभ शिविर में भाग ले रहे महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र, -छात्राओं ने ईश वंदना से की।प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों ने योग व व्यायाम आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम प्रभारी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।द्वितीय सत्र में महाविद्यालय में श्रमदान किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में अलग-अलग भागों में साफ सफाई की, श्रमदान सत्र के दौरान कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र कुमार खाती के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने परिसर में झाड़ियां, पत्थर, कचरा आदि हटाकर एक स्थान पर एकत्रित किया। सेवा शिविर में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राम गोपाल सिंह ने उपस्थित स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर प्रेरणादाई उद्बोधन दिया।सेवा शिविर में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित सभी ने श्रमदान कर स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया।

योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन

राजगढ़। लायंस क्लब राजगढ़ द्वारा गायत्री शक्तिपीठ परिसर में योग एवं ध्यान से तनाव मुक्ति पर गोष्ठी एवं अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लायन खेम सिंह आर्य ने बताया कि इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में हार्टफुलनेस केंद्र राजगढ़ के जगदीश प्रसाद द्वारा विभिन्न प्रकार के आसन एवं प्राणायाम द्वारा स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहने के टिप्स बताए गए। हीरालाल की ओर से ध्यान के माध्यम से मन को केंद्रित करने के बारे में बताया ताकि किसी प्रकार के नकारात्मक विचारों का प्रवेश न हो। लायन एन एल वर्मा ने योग पर आधारित चित्तवृत्ति,चित्तभूमि एवं योगाभ्यास के आठ योगांगो के अभ्यास की विस्तृत जानकारी दी । इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन प्रदीप गुप्ता,सचिव लायन एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास मीणा, वीरेंद्र शर्मा, संजय राजस्थानी, रामावतार बंसल, अजय यादव, शारदा शर्मा, सुमन यादव, गायत्री शक्तिपीठ की मुख्य ट्रस्टी मीना खंडेलवाल, प्रीति विजय, रश्मि विजय, मीतू सिंह आर्य, पदमा गोयल,गिर्राज प्रजापत सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।क्लब अध्यक्ष लायन प्रदीप गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन लायन खेम सिंह आर्य ने किया।

अवैध पार्किंग से आवागमन में परेशानी

फुलेरा। जोबनेर रोड स्थित उपजिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार के सामने अवैध पार्किंग से इलाज के लिए आने वाले रोगीयो व उनके परिजनों को भारी असुविधा उठानी पड रही है। यह नहीं है कि इस चिकित्सालय परिसर मे पार्किंग सुविधा नही है, यहाँ पर आने वाले प्रति दुपहिया वाहन के लिए मात्र दस रूपये निर्धारित है। लेकिन अधिकांश वाहन चालक को दस रूपये की राशि जेब पर भारी लगती है। वह दस रूपये बचाने के लिए अपना वाहन अस्पताल के मुख्य द्वारा के सामने खडा करके चले जाते है। इससे आपातकाल के लिए आने वाली एम्बुलेंस तो क्या पैदल चलने वालो तक के लिए रास्ता नहीं रहता है। वहीं पार्किंग व्यवस्था मे लगे ठेकेदार का कर्मचारी का कहना है कि वह प्रत्येक वाहन की पुरी सर्तकता चोकीदारी करने के बावजूद भी अपने पैसे बचाने के चक्कर में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिसके कारण अस्पताल में आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। चिकित्सालय परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार व बाहर हो रही अवैध पार्किंग के कारण अस्पताल में वाहनों को आने जाने में समस्या हो रही है, उक्त समस्या को लेकर हमने नगरपालिका व स्थानीय पुलिस प्रशासन को अवगत करवा दिया है।

महिला हॉकी प्रतियोगिता 12 को

भरतपुर। सॉफ्ट हॉकी संघ, जिला भरतपुर के तत्वावधान में आगामी 12 अक्टूबर को सेक्टर 3 के ग्राउंड पर महिला हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भरतपुर जिले की बालिकाएं भाग लेंगी, जिनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रात: 10:00 बजे से होगा। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में सचिव संजय सिंह, खेल प्रभारी प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष योगेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, तथा सदस्य राजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंघल, गोविंद शर्मा एवं रवि मित्तल को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह आयोजन सॉफ्ट हॉकी संघ, जिला भरतपुर के द्वारा सेक्टर 3 स्थित में किया जाएगा, जिसका उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

हस्ताक्षर अभियान चलाया

भरतपुर। भरतपुर में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका लांबा व राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान भरतपुर में चांदपोल गेट, नमक कटरा और कई क्षेत्रों में सैकड़ो महिला कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान में भागीदारी की व राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे अभियान वोट चोर गद्दी छोड़ मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उनके समर्थन में हस्ताक्षर किए। प्रदेश महासचिव रिक्की सिंह ने इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभाई। इस अभियान की सबसे बड़ी चुनौती है जनता तक सही जानकारी पहुँचाना और उन्हें इस मुद्दे की गंभीरता से अवगत कराना। घर-घर जाकर के जनता को सच्चाई से अवगत कराया। इस अवसर पर परवीन, लक्ष्मी, कमलेश, पुष्पा, आशा देवी, सद्दाम, सबीना, आदि महिला कार्यकर्ता साथ रही।

ऑनलाइन आवेदन शुरू

दौसा। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय संस्थानों के माध्यम से मार्जिन मनी एवं ब्याज अनुदान युक्त ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। गत 3 सितम्बर को योजना अधिसूचित की गई है, जो 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। राज्य सरकार द्वारा योजनान्तर्गत ऑनलाइ